दिनांक 30 april 2024 को गौतम बुद्ध विश्विद्यालय में निः शुल्क थैलेसीमिया शिविर लगाया गया। यह शिविर एमिटी विश्विद्यालय नोएडा, दिल्ली विश्विद्यालय एवं एम्स दिल्ली के डॉक्टर एवं शोधकर्ताओं द्वारा लगाया गया। शिविर के उदधघाटन दौरान उन्होंने थैलेसीमिया के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया।इस बीमारी की जांच के लिए करीब 150 छात्रों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने पहले उचित सूचना भरी। शिविर के सभी कार्यकर्ताओं ने बहुत सहजता एवं स्नेहपूर्वक छात्रों से बातचीत की। डॉ रौमी देव (एमिटी विश्विद्यालय), डॉ नाओरेम किरनमाला देवी (दिल्ली विश्विद्यालय) ,डॉ नवीन कुमार (एन एस एस, कार्यक्रम अधिकारी), डॉ जय प्रकाश मुयाल (एन एस एस, समन्वयक) ने छात्र एवं अन्य शिक्षकों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह शिविर सभी व्यक्तियों के लिए लाभदायक प्रतीत हुआ।